## मुख्य बातें: मार्च 2023

- नेपाल सरकार के निवेश बोर्ड, कार्यालय ने 16 मार्च 2023 को नेपाल की 450 मेगावाट सेती नदी-6 परियोजना के लिए एनएचपीसी को सर्वेक्षण लाइसेंस जारी किया है। यह परियोजना के विकास के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि के साथ ही साथ एनएचपीसी के वैश्विक व्यापार में पदार्पण की ओर महत्वपूर्ण कदम है।
- सीएमडी, एनएचपीसी ने 29 मार्च 2023 को नई दिल्ली में नेपाल के माननीय संसद सदस्यों के एक प्रतिनिधिमंडल से भी मुलाकात की और उनके साथ जलविद्युत विकास की आवश्यकता और एनएचपीसी द्वारा नेपाल के विद्युत परिदृश्य में निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से चर्चा की।
- स्वतंत्र निदेशकों और कार्यात्मक निदेशकों ने दिनांक 15 से 18 मार्च 2023 को पार्बती-II जलविद्युत परियोजना का दौरा किया। कुल 31.5 किलोमीटर लंबी हेड रेस टनल (एचआरटी) में से केवल 270 मीटर टनल ही खुदाई के लिए शेष बची है।
- एनएचपीसी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए भारत सरकार को 997.75 करोड़ रुपए के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया है। सीएमडी, एनएचपीसी द्वारा 2 मार्च 2023 को विद्युत मंत्रालय और एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री को अंतरिम लाभांश भुगतान एडवाइस सौंपी गई है।
- श्री कृष्ण पाल गुर्जर, माननीय राज्य मंत्री, विद्युत मंत्रालय और भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के कर-कमलों से 4 मार्च 2023 को एनएचपीसी द्वारा वित्त पोषित आरएमसी सड़क कार्यों (ग्रीनफील्ड क्षेत्र, फरीदाबाद के आसपास) का उद्घाटन सम्पन्न हुआ है। माननीय मंत्री जी ने आम जनता के कल्याण के लिए यह योगदान देने के लिए एनएचपीसी का आभार व्यक्त किया।
- सीएमडी, एनएचपीसी को 3 मार्च 2023 को विद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए सीबीआईपी इंडिविजुअल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।
- सीएमडी, एनएचपीसी को विद्युत क्षेत्र में अनुकरणीय प्रदर्शन और देश के विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए 11 मार्च 2023 को तिलक महाराष्ट्र विद्यापीठ द्वारा मुझे डी. लिट. (मानद उपाधि) प्रदान की गई।
- श्री वाई.के. चौबे, निदेशक (तकनीकी) ने 2 मार्च,2023 को अंतर्राष्ट्रीय एकीकृत ऊर्जा प्रदर्शनी और सम्मेलन, मुंबई में 'विद्युत उत्पादन' पर सत्र की अध्यक्षता की, जिसमें प्रभावी तरीके से बायोमास के उपयोग के साथ-साथ विद्युत संयंत्र के लचीले प्रचालन के संबंध में चर्चा की गई।
- मार्च माह,2023 के दौरान राजस्व संग्रह 469.65 करोड़ रुपए रहा और मार्च 2023 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 7943.37 करोड़ रुपए था।
- मार्च 2023 के अंत में एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 24906 मिलियन यूनिट रहा।

## मुख्य बातें: फरवरी 2023

- एनएचपीसी ने 31 दिसंबर 2022 को समाप्त नौ माह की अवधि में 3264 करोड़ रुपये का एकल कर पश्चात लाभ (पीएटी) दर्ज किया है, जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि के लिए एकल कर पश्चात लाभ (पीएटी) 2978 करोड़ रुपये की तुलना में 10% अधिक है। इसके अतिरिक्त, एनएचपीसी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 1.40 रुपये प्रति शेयर का अंतरिम लाभांश घोषित किया है।
- एनएचपीसी ने दिनांक 16.02.2023 को नई दिल्ली में गवर्नेंस नाउ- नवें पीएसयू अवाड्र्स एंड कॉन्फ्रेंस में "यूज ऑफ इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज डाटा सेंटर" पुरस्कार प्राप्त किया है। एनएचपीसी को यह पुरस्कार एक सुदृढ़ डिजिटल इंडिया और बाइब्रेंट डाटा सेंटर इकोसिस्टम के सृजन की दिशा में कंपनी के प्रयासों को मान्यता देने के लिए प्रदान किया गया है।
- एनएचपीसी को दिनांक 10.02.2023 को कोलकाता में संपन्न विप्स (सार्वजनिक क्षेत्र में महिलाएं) की 33वीं राष्ट्रीय बैठक में महानिदेशक, स्कोप के कर-कमलों से मिनी रत्न श्रेणी के लिए 'द्वितीय सर्वश्रेष्ठ एंटरप्राइज पुरस्कार' प्रदान किया गया है।
- दिनांक 06.02.2023 को सुबानसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की यूनिट #2 के रोटर (लगभग 674 टन और 11.45 मीटर व्यास) को सफलतापूर्वक नीचे किया गया। अन्य प्रमुख गतिविधियां जैसे डायवर्जन टनल -2 को प्लग करना, 420 केवी जीआईएस उपकरण का निर्माण कार्य और यूनिट # 1 के मुख्य इनलेट वाल्व का अंतिम रूप से उत्थापन फरवरी 2023 के महीने के दौरान शुरू हो गया है।
- आजादी का अमृत महोत्सव के तहत दिनांक 24 फरवरी 2023 को निगम मुख्यालय परिसर में 'हिंदी कवि सम्मेलन' का आयोजन किया गया।
- अरुणाचल प्रदेश के दोलुंगमुख में 56वें बूरी-बूत यूलो फेस्टिवल-2023 के दौरान एनएचपीसी पवेलियन में एनएचपीसी की क्षमताओं को प्रदर्शित किया गया।
- श्री वाईके चौबे, निदेशक (तकनीकी)/निदेशक (कार्मिक) ने दिनांक 23.02.2023 को एनपीटीआई, फरीदाबाद में नवनियुक्त कनिष्ठ अभियंताओं/वरिष्ठ लेखाकारों के लिए तथा दिनांक 27.02.2023 को सीबीआईपी, गुरुग्राम में प्रशिक्षु अभियंताओं/प्रशिक्षु अधिकारियों, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों के लिए आयोजित किए जा रहे इंडक्शन ट्रेनिंग कार्यक्रम के दूसरे बैच का उद्घाटन किया।
- फरवरी 2023 के महीने के दौरान राजस्व संग्रह 364.06 करोड़ रुपए था और फरवरी 2023 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 7469.31 करोड़ रुपए था।
- फरवरी 2023 के अंत में सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 23609.2 था।

## मुख्य बातें: जनवरी 2023

- सुबनसिरी परियोजना की टीआरसी का कंक्रीटिंग कार्य 03.01.2023 को शुरू हुआ है। इंटेक #7 के ईएल 210 मीटर पर स्लैब के पूरा होने के साथ 8 इंटेक संरचनाओं में से 7 का सिविल कार्य पूरा हो गया है। महत्वपूर्ण ईएंडएम कार्य जैसे यूनिट-3 का स्पाइरल केस का इरेक्शन शुरू कर दिया गया है तथा 630 टन रोटर असेंबली को रखने के लिए 85 टन वजन की यूनिट-2 की लोअर ब्रैकेट असेंबली को भी 19.01.2023 को जनरेटर पिट में सफलतापूर्वक रखा गया।
- श्री वाई.के. चौबे, निदेशक (तकनीकी)/निदेशक (कार्मिक), एनएचपीसी एवं सीईओ, बीएसयूएल ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 के संबंध में उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव, ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत श्री एम.के. गुप्ता से लखनऊ में भेंट की एवं बीएसयूएल के सौर परियोजनाओं/पार्कों के लिए भावी निवेश की योजना पर चर्चा की।
- दिनांक 03.01.2023 को काठमांडू में एनएचपीसी की टीम ने नेपाल के माननीय प्रधानमंत्री श्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' से मुलाकात की एवं माननीय प्रधानमंत्री को नेपाल में एनएचपीसी द्वारा की जा रही पहलों से अवगत कराया। माननीय प्रधानमंत्री ने एनएचपीसी की पहल का स्वागत किया और नेपाल सरकार के समर्थन का आश्वासन दिया।
- श्री संतोष कुमार, आईएफएस (एजीएमयूटी 1993), मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनएचपीसी ने शासन और लोक सेवा वितरण में उत्कृष्टता और नवाचार के लिए मुख्यमंत्री पुरस्कार प्राप्त किया। गोवा के माननीय राज्यपाल श्री पी.एस. श्रीधरन पिल्लई द्वारा दिनांक 26.01.2023 को यह पुरस्कार पणजी, गोवा में राज्य के समारोह कार्यक्रम के दौरान दिया गया।
- सीएमडी एनएचपीसी को 17-18 जनवरी 2023 तक आयोजित "भारत में जलविद्युत पर 20वें वार्षिक सम्मेलन" में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया था।
- पावर फ़ाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा दिनांक 29.01.2023 से 31.01.2023 तक बेंगलुरु में आयोजित प्रदर्शनी में एनएचपीसी का पैविलियन लगाया था। इस पैविलियन में एनएचपीसी की गतिविधियों और उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से 'नर्चर नेचर' थीम के तहत प्रदर्शित किया गया।
- एनएचपीसी ने 18-20 जनवरी 2023 के दौरान इम्फाल में कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और सामाजिक न्याय पर संसदीय स्थायी समिति के अध्ययन दौरे की सफलतापूर्वक मेजबानी की।
- सार्वजनिक उपक्रम समिति ने 09.01.2023 को चेन्नई में एनएचपीसी लिमिटेड और अन्य पावर पीएसयू के साथ "सीपीएसयू में कॉर्पोरेट गवर्नेंस" पर एक बैठक आयोजित की।
- एनएचपीसी ने पीएससीबी, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में त्यागराज स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित 27वें इंटर सीपीएसयू बैडमिंटन टूर्नामेंट (9 से 13 जनवरी 2023) के दौरान विभिन्न श्रेणियों में 2 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक प्राप्त किया।
- एनएचपीसी ने अपने कर्मचारियों के बीच खेल गतिविधियों और टीम भावना को बढ़ावा देने के लिए आयोजित पहले 'मैत्री कप 2023' टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी की। टूर्नामेंट में एनएचपीसी, एनएचडीसी और सीवीपीपीपीएल सहित कुल तीन टीमों ने भाग लिया था जिसमें एनएचपीसी की टीम विजेता रही।

- अरुणाचल प्रदेश सरकार ने एनएचपीसी के साथ मिलकर सियांग/अपर सियांग जिलों (अरुणाचल प्रदेश) के स्थानीय निवासियों को बहुउद्देशीय बांध परियोजनाओं के लाभ/विकास/पुनर्स्थापना और पुनर्वास कार्यों के बारे में जानकारी देने के लिए एनएचडीसी के इंदिरासागर तथा टीएचडीसी टिहरी पावर स्टेशनों की अध्ययन यात्रा का आयोजन किया।
- एनएचपीसी द्वारा 30.01.2023 को डेटा सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (डीएससीआई) के सहयोग से 'डेटा गोपनीयता दिवस' मनाया गया। दिनांक 30.01.2023 को निगम मुख्यालय में एक विशेष सेमिनार/कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया।
- जनवरी 2023 के महीने के दौरान राजस्व संग्रह 605.49 करोड़ रुपये था और जनवरी 2023 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 7104.16 करोड़ रुपये रहा ।
- जनवरी 2023 के अंत तक सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 22658 मिलियन यूनिट रहा।

## मुख्य विशेषताएं–दिसंबर2022

- 22 दिसंबर, 2022 को नई दिल्ली में आयोजित प्रकाशमय '15 वें इनर्शिया अवार्ड 2022' में एनएचपीसी को 'भारत की सर्वश्रेष्ठ वैश्विक प्रतिस्पर्धी विद्युत कंपनी - जलविद्युत और नवीकरणीय ऊर्जा विकास क्षेत्र' के विजेता के रूप में सम्मानित किया गया है।
- एनएचपीसी ने 18 दिसंबर, 2022 को काठमांडू, नेपाल में साउथ एशियन फेडरेशन ऑफ अकाउंटेंट्स अवार्ड 2021 में वित्त वर्ष 20-21 (इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड कंस्ट्रक्शन सेक्टर श्रेणी) के लिए सर्वश्रेष्ठ वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए स्वर्ण पदक जीता है।
- श्री संतोष कुमार, भारतीय वन सेवा (आईएफएस) ने एनएचपीसी में मुख्य सतर्कता अधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। एनएचपीसी परिवार उनका स्वागत करता तथा आशा करता है कि कंपनी को उनके समृद्ध और विविध अनुभव का बहुत लाभ मिलेगा।
- सुबनसिरी लोअर एचईपी (2000 मेगावाट) में, सर्ज टनल-7 की हेडिंग खुदाई 24 दिसंबर, 2022 को पूरी की गई और इसके साथ कुल 8 सर्ज टनल में से 7 की हेडिंग खुदाई अब पूरी हो चुकी है।
- कीरू जलविद्युत परियोजना (624 मेगावाट) में बांध कंक्रीटिंग 16 दिसंबर, 2022 को शुरू हो गई है। रंगित- IV एचईपी (120 मेगावाट) में, 12 दिसंबर, 2022 को वर्टिकल प्रेशर शाफ्ट की डे-लाइटिंग हासिल की गई।
- एनएचपीसी ने 10 दिसंबर 2022 को शेष 54.40 मेगावाट के संचालन के साथ ही एनएचपीसी द्वारा 'मध्यस्थ खरीदार के रूप में' नोखरा, बीकानेर (राजस्थान) में स्थित 320 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना को पूर्ण रूप से संचालित कर दिया है।
- सीएमडी एनएचपीसी 16 दिसंबर, 2022 को स्कोप कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में 'हार्नेसिंग ऑफ़ हाइड्रोपावर पोटेंशियल (लहर इनिशिएटिव) - अ वे फॉरवर्ड' कॉन्क्लेव को संबोधित किया जहाँ उन्होने जलविद्युत विकास के लाभों और इसके महत्व पर प्रकाश डाला।

- श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी ने 19 दिसंबर, 2022 को श्रीमती पम्फा भुसाल, माननीय ऊर्जा मंत्री, जल संसाधन और सिंचाई, नेपाल सरकार से मुलाकात की और नेपाल में एनएचपीसी की पहल के बारे में उन्हें अवगत कराया तथा आगे के लिए उनका समर्थन और मार्गदर्शन मांगा।
- गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, जम्मू द्वारा 1 दिसंबर, 2022 को आयोजित 8वें नेशनल कोन्फ्रेंस-सह-प्रदर्शनी के दौरान केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के माननीय उप राज्यपाल श्री मनोज सिन्हा ने एनएचपीसी की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाले एनएचपीसी पेविलियन का दौरा किया।
- श्री आर.पी. गोयल, निदेशक (वित्त), एनएचपीसी ने 30 नवंबर से 4 दिसंबर 2022 तक भुवनेश्वर में आयोजित "मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 22" में एनएचपीसी स्टॉल का उद्घाटन किया और एनएचपीसी की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।
- एनएचपीसी ने 6 दिसंबर, 2022 को अपने सभी कार्यस्थलों पर भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. बी. आर. अम्बेडकर को उनके 67वें महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर निगम मुख्यालय में एनएचपीसी एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा एक विशेष समारोह आयोजित किया गया।
- एनएचपीसी ने 8 से 9 दिसंबर, 2022 तक हरियाणा राज्य खेल परिसर, फरीदाबाद में पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (पीएससीबी) के तत्वावधान में 12वें इंटर सीपीएसयू एथलेटिक्स टूर्नामेंट की सफलतापूर्वक मेजबानी की। इस टूर्नामेंट में विद्युत मंत्रालय, सीईए, बीबीएमबी, डीवीसी, एनएचपीसी, पावरग्रिड और आरईसी सहित विभिन्न पावर सीपीएसयू/संगठनों की कुल सात टीमों ने भाग लिया।
- एनएचपीसी ने 5 दिसंबर, 2022 को अपने विभिन्न कार्यस्थलों पर "समावेशी विकास के लिए परिवर्तनकारी समाधान: एक सुलभ और न्यायसंगत दुनिया को बढ़ावा देने में नवाचार की भूमिका" विषय के साथ 'अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस' मनाया।
- एनएचपीसी के राजभाषा विभाग द्वारा राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए फरीदाबाद में एनएचपीसी राजभाषा संगोष्ठी/सम्मेलन (19-20 दिसंबर 2022) का आयोजन किया गया ।
- 'आजादी का अमृत महोत्सव' के एक भाग के रूप में, एनएचपीसी चिकित्सा सेवाएं विभाग द्वारा 21 दिसंबर 2022 को निगम मुख्यालय में वेंकटेश्वर अस्पताल, नई दिल्ली के सहयोग से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।
- माह दिसंबर, 2022 के दौरान राजस्व संग्रह 609.51 करोड़ रुपए रहा तथा दिसंबर 2022 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 6494 करोड़ रुपए रहा।
- माह दिसंबर, 2022 के अंत तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 22015 मिलियन यूनिट रहा।

## मुख्य विशेषताएं– नवम्बर 2022

- निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में एनएचपीसी स्थापना दिवस समारोह के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री जी तथा सचिव (विद्युत), विशेष सचिव, अपर सचिवों, संयुक्त सचिव (हाइड्रो) और विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगणों ने उपस्थित होकर समारोह की शोभा बढ़ाई।
- माननीय मंत्री जी ने आर्थिक विकास और समाज में सर्वांगीण विकास लाने में जलविद्युत परियोजनाओं की भूमिका को स्वीकार किया। माननीय मंत्री जी ने सभी एनएचपीसी कर्मियों को तेजी से कार्य और कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया क्योंकि एनएचपीसी अगले कुछ वर्षों में अपनी वर्तमान क्षमता को तीन गुना करने की योजना बना रही है।
- श्री आलोक कुमार, सचिव (विद्युत), भारत सरकार ने भी जलविद्युत के विकास में एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और इस बात का भी उल्लेख किया कि एनएचपीसी भारत के विद्युत क्षेत्र और राष्ट्र निर्माण में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।
- एनएचपीसी स्थापना दिवस समारोह के दौरान माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने एनएचपीसी के सामाजिक स्वास्थ्य और कल्याण क्लबों का भी शुभारंभ किया। क्लब का उद्देश्य देश भर के विभिन्न स्कूलों में लगभग दस हजार सामाजिक स्वास्थ्य और कल्याण क्लबों की स्थापना करके अगली पीढ़ी को स्वस्थ जीवन के बारे में शिक्षित करना है।
- वित्त वर्ष 2022-23 में, एनएचपीसी ने अब तक का सर्वाधिक कर पश्चात छमाही एकल लाभ 2483 करोड़ रुपए दर्ज किया है जबकि पिछली छमाही में यह 2217 करोड़ रुपए था।
- सुबानसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना (2000 मेगावाट) के इंटेक स्ट्रक्चर नंबर 5 और इंटेक स्ट्रक्चर नंबर 7 के सिविल कार्य क्रमशः 21 नवंबर, 2022 और 24 नवंबर, 2022 को पूरे किए गए है।
- रंगित-IV जलविद्युत परियोजना (120 मेगावाट) ने चुनौतियों/ प्रतिकूल भूवैज्ञानिक परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद 18 नवंबर, 2022 को 695 मीटर एचआरटी उत्खनन किया है और शेष उत्खनन अब 2 किलोमीटर से कम है। परियोजना के स्टील लाइन्ड सर्ज शाफ्ट की बैकफिल कंक्रीटिंग भी 18 नवंबर, 2022 को शुरू कर दी गई है। परियोजना के ब्लॉक 5 (स्पिलवे बे 3) के ट्रूनियन बीम की कंक्रीटिंग भी 16 नवंबर, 2022 को शुरू कर दी गई है।
- तीस्ता-VI जलविद्युत परियोजना (500 मेगावाट) में माह के दौरान जेनरेटर बैरल में स्टेटर और रोटर (325टी) को क्रमशः 12 और 18 नवंबर, 2022 को सफलतापूर्वक उतारने के साथ यूनिट-1 की महत्वपूर्ण ई एंड एम गतिविधियों को पूरा किया गया है।
- नेपाल में अपनी विकासात्मक पहल की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, एनएचपीसी ने वेस्ट सेती हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट (750 मेगावाट) के लिए सर्वेक्षण और अन्वेषण कार्य शुरू कर दिया है। एनएचपीसी के अधिकारियों की एक

टीम ने परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए आवश्यक विभिन्न विकल्पों और अन्य अन्वेषण को अंतिम रूप देने के लिए साइट का दौरा किया।

- एनएचपीसी ने श्री जे.डी. वर्मा, त्रिपुरा के माननीय उपमुख्यमंत्री व अध्यक्ष, एनईआरपीसी एवं श्री. पी. त्यनसोंग, माननीय उपमुख्यमंत्री, मेघालय की गरिमामयी उपस्थिति में, 18 और 19 नवंबर, 2022 को गोवा में उत्तर पूर्वी क्षेत्र की 23वीं टीसीसी और एनईआरपीसी बैठक की सफलतापूर्वक मेजबानी की।
- सीएमडी एनएचपीसी ने 14 नवंबर, 2022 को भुवनेश्वर में श्री सुरेश चंद्र महापात्रा, मुख्य सचिव, ओडिशा सरकार, श्री निकुंज बिहारी ढाल, मुख्य सचिव-ऊर्जा, ओडिशा सरकार और श्री बिष्णुपदा सेठी, सीएमडी-जीईडीसीओएल व अध्यक्ष (ओएचपीसी) से मुलाकात की। बैठकों के दौरान, राज्य में एनएचपीसी द्वारा पंप स्टोरेज परियोजनाओं और फ्लोटिंग सौर संयंत्रों के विकास की संभावनाओं पर चर्चा की गई।
- एनएचपीसी ने जलविद्युत, जल संसाधन, भूविज्ञान, भूकंप, नवीकरणीय ऊर्जा आदि सहित विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों में क्षमताओं के विकास के लिए 25 नवंबर, 2022 को आईआईटी दिल्ली के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।
- एनएचपीसी ने 16 खेलों अर्थात फुटबॉल, कबड्डी, हॉकी, मुक्केबाजी, तीरंदाजी, एथलेटिक्स, निशानेबाजी, क्रिकेट, तैराकी, कुश्ती, वॉलीबॉल, ब्रिज, टेबल टेनिस, शतरंज, बैडमिंटन और पैरा स्पोर्ट्स के लिए 'होनहार खिलाड़ियों के लिए एनएचपीसी स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप स्कीम' शुरू की है। इस स्कॉलरशिप को देने का उद्देश्य 14 से 19 वर्ष (पैरा खेलों के लिए 14 से 24 वर्ष) के बीच के होनहार युवा खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करने और उनकी शिक्षा के प्रारंभिक वर्षों के दौरान खिलाड़ियों का प्रतिभा-पूल बनाने का है।
- सुश्री ममता ए. मट्टा, निदेशक, डीजीए (ऊर्जा) कार्यालय, नई दिल्ली ने वरिष्ठ सीएजी अधिकारियों के साथ 17 नवंबर, 2022 को निगम मुख्यालय का दौरा किया। टीम ने मास्टर कंट्रोल रूम और अनुभव केंद्र का दौरा किया और उन्हें एनएचपीसी की गतिविधियों से अवगत कराया गया।
- एनएचपीसी को एक सुदृढ़ डिजिटल इंडिया और वाइब्रन्ट डेटा सेंटर ईकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में एनएचपीसी के प्रयासों की सराहना के लिए एक्सप्रेस कंप्यूटर (इंडियन एक्सप्रेस समूह का आईटी व्यवसाय प्रकाशन) द्वारा 'डेटा सेंटर चैंपियन-2022' से सम्मानित किया गया है।
- एनएचपीसी ने नई दिल्ली में भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग लिया। विद्युत मंत्रालय के पवेलियन में एनएचपीसी की क्षमताओं और उपलब्धियों का प्रदर्शन किया गया। इस पवेलियन का उद्घाटन श्री आलोक कुमार, सचिव (विद्युत), भारत सरकार द्वारा किया गया।
- एनएचपीसी ने 31 अक्टूबर, 2022 से 6 नवंबर, 2022 तक अपने सभी कार्य स्थालों में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया, जिसमें निबंध लेखन, वाद-विवाद, कविता पाठ, पेंटिंग प्रतियोगिता आदि जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

- भारत के संविधान को स्वीकार करने का स्मरण करते हुए, एनएचपीसी ने 26 नवंबर, 2022 को अपने सभी कार्य स्थलों में 'संविधान दिवस' मनाया।
- नवंबर, 2022 माह के दौरान राजस्व संग्रह 797.23 करोड़ रुपए और नवंबर, 2022 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 5882.17 करोड़ रुपए रहा।
- नवंबर, 2022 के अंत तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 21267.8 मिलियन यूनिट रहा।

## मुख्य विशेषताएँ: अक्टूबर माह

- एनएचपीसी द्वारा सीएसआर के तहत वित्त पोषित बिलासपुर जिले के बंदला में निर्मित गवर्नमेंट हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज का उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 05.10.2022 को किया गया।
- भारत में नेपाल के माननीय राजदूत, माननीय डॉ. शंकर शर्मा के साथ श्रीमती नीता पोखरेल आर्यल, मंत्री (आर्थिक) और श्री बद्री प्रसाद तिवारी, काउंसलर ने दिनांक 21.10.2022 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद का दौरा किया।
- भारतीय आयुध निर्माणी सेवा (आईओएफएस), 1998 बैच के अधिकारी, श्री प्रेम प्रकाश महोदय ने 20.10.2022 को मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ), एनएचपीसी का अतिरिक्त प्रभार संभाला।
- एनएचपीसी ने दिनांक 19.09.2022 को वित्त वर्ष 2021-22 के लिए भारत सरकार को 356.34 करोड़ रुपए का अंतिम लाभांश का भुगतान किया। श्री आलोक कुमार, सचिव (विद्युत), भारत सरकार की उपस्थिति में, दिनांक 21.10.2022 को श्री आर.के. सिंह, माननीय केन्द्रीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री को लाभांश भुगतान बैंक एड्वाइस सौंपी गई।
- सुबानसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना ने अक्टूबर 2022 के दौरान यूनिट # 1 और 2 की यूनिट कंट्रोल सिस्टम, एक्साइटेशन सिस्टम और यूनिट प्रोटेक्शन सिस्टम तैयार करने के साथ इलेक्ट्रो-मैकेनिकल उपकरणों की स्थापना और परीक्षण करके एक प्रमुख उपलब्धि हासिल की।
- 624 मेगावाट की कीरू और 120 मेगावाट की रंगित IV जलविद्युत परियोजनाओं में मानसून के बाद बांध के निर्माण कार्यों को फिर से शुरू करने के लिए नदी का डायवर्जन भी पूरा किया गया।
- दिनांक 27.10.2022 को रंगित-IV जलविद्युत परियोजना में ब्लॉक नंबर 6 (स्पिलवे बे नंबर 4) के ट्रूनियन बीम की कंक्रीटिंग शुरू की गई।
- 94.2 मेगावाट की टनकपुर पावर स्टेशन ने 1992 में अपनी स्थापना के बाद से 2.517 मिलियन यूनिट (एमयू) का उच्चतम दैनिक उत्पादन हासिल किया है।
- एनएचपीसी ने 11.11.2021 को पूर्व में हासिल सबसे तेज विद्युत उत्पादन की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में 28.10.2022 को अब तक का सबसे तेज 20000 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन हासिल किया है।

- सीएमडी, एनएचपीसी ने श्री पी. एस. तमांग, माननीय मुख्यमंत्री, सिक्किम से मुलाकत की और उन्हें 520 मेगावाट की तीस्ता-IV जल विद्युत परियोजना की स्थिति से अवगत कराया। इस दौरान श्री वी.बी पाठक, मुख्य सचिव, सिक्किम भी उपस्थित थे।
- एनएचपीसी ने अक्टूबर 2022 को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया, जिसके अंतर्गत 18.10.2022 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में साइबर सुरक्षा पर एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।
- एनएचपीसी के सभी लोकेशनों पर दिनांक 31.10.2022 से दिनांक 06.11.2022 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया जा रहा है।
- एनएचपीसी ने अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने की प्रतिबद्धता के साथ विशेष स्वच्छता अभियान 2.0 की शुरुआत की। दिनांक 02.10.2022 को निगम मुख्यालय में एक विशेष वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।
- एनएचपीसी ने दिनांक 02.10.2022 को फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 के तहत विभिन्न स्थानों पर प्लॉग रन का आयोजन किया। इस अभियान के दौरान, एनएचपीसी के कार्मिकों द्वारा एनएचपीसी के लोकेशनों के आसपास रहने वाले स्थानीय लोगों में स्वच्छता बनाए रखने के साथ-साथ फिटनेस पर भी संदेश दिया गया।
- आईसीएआर-डीसीएफआर, भीमताल और मत्स्य पालन निदेशालय, अरुणाचल प्रदेश सरकार ने सुबानसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की मत्स्य प्रबंधन योजना के लिए परामर्श प्रदान करने के लिए एनएचपीसी अधिकारियों की उपस्थिति में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- अक्टूबर 2022 के महीने के दौरान राजस्व संग्रह 927.85 करोड़ रुपए रहा और अक्टूबर 2022 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 5083.04 करोड़ रुपए था।
- अक्टूबर 2022 के अंत तक एनएचपीसी की सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 20134 मिलियन यूनिट था।

## मुख्य विशेषताएं– सितंबर 2022

- श्री यमुना कुमार चौबे, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात श्री आर. के. सिंह, माननीय मंत्री, विद्युत एवं नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा, श्री अलोक कुमार, सचिव (विद्युत), भारत सरकार और श्री रघुराज माधव राजेंद्रन, संयुक्त सचिव (हाइड्रो), भारत सरकार से 5 सितंबर, 2022 को शिष्टाचार भेंट की।
- नेपाल में कार्यनीतिक जलविद्युत परियोजनाओं को विकसित करने के लिए एनएचपीसी की असाधारण पहल और उत्कृष्ट व उल्लेखनीय प्रयासों के लिए 14 सितंबर 2022 को नेपाल के सम्माननीय प्रधान मंत्री, श्री शेर बहादुर देउबा द्वारा एनएचपीसी को टोकन ऑफ एप्रीशीऐशन प्रदान किया गया।

- 23 सितंबर, 2022 को काठमांडू (नेपाल) में आयोजित जल संसाधन संयुक्त समिति की 9वीं (जेसीडबल्यूआर) बैठक के दौरान, नेपाल में जलविद्युत के विकास के लिए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त सीएमडी एनएचपीसी ने 24 सितंबर 2022 को नेपाल के सम्माननीय प्रधान मंत्री से भेंट कर उन्हे वेस्ट सेती जलविद्युत परियोजना के सर्वेक्षण और अन्वेषण कार्यों की स्थिति के बारे में अवगत कराया।
- एनएचपीसी को 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' योजना के अंतर्गत वर्ष 2021-22 के लिए गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा क्षेत्र 'क' के अंतर्गत 'द्वितीय पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। 14 सितंबर, 2022 को सूरत, गुजरात में आयोजित हिंदी दिवस समारोह के दौरान माननीय केंद्रीय गृह राज्य मंत्री, श्री निशिथ प्रामाणिक ने सीएमडी एनएचपीसी को यह पुरस्कार प्रदान किया।
- रंगित IV जलविद्युत परियोजना के पावर हाउस ईओटी क्रेन का इरेक्शन 07.09.2022 को पूरा किया गया।
- सीएसआर नीति के अंतर्गत, एनएचपीसी द्वारा 09.09.2022 को सरखेज, गुजरात में अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए शैक्षिक परिसर छात्रावास की इमारत की फर्निशिंग के लिए शिक्षा विकास सेवा ट्रस्ट के साथ तथा शिक्षा, विशेष शिक्षा और रोजगार क्षमता को बढ़ाने वाले व्यावसायिक कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोठामंगलम, एर्नाकुलम, केरल में विवेकानंद विद्यालय में बालवाड़ी (किंडरगार्टन) के विकास के लिए सेवा किरण चैरिटेबल सोसाइटी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।
- नूंह, हरियाणा में ग्रामीण लोगों के स्वास्थ्य और रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने के लिए 13.09.2022 को बिस्नोली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान के सहयोग से 5वें नि: शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।
- निगम मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और इकाइयों में हिन्दी पखवाड़ा (14 से 29 सितंबर, 2022 तक) का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया जिसमें एनएचपीसी कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।
- निगम मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और इकाइयों में 17.09.2022 को श्री विश्वकर्मा पूजा का आयोजन किया गया।
- 17.9.2022 से 01.10.2022 अर्थात राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस तक निगम मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और इकाइयों में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।
- "मध्यस्थ खरीदार के रूप में" एनएचपीसी लिमिटेड द्वारा मेसर्स अवाडा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को अवार्ड की गई 320 मेगावाट की आईएसटीएस से जुड़ी सौर पीवी विद्युत परियोजना में से 153.6 मेगावाट की आंशिक कमीशनिंग की गयी।
- पकल दुल जलविद्युत परियोजना के एमआईवी केवर्न में ईओटी क्रेन का इरेक्शन 26.09.2022 को पूरा कर लिया गया।

- विज्ञान, इंजीनियरिंग और तकनीकी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 26.09.2022 को एनएचपीसी लिमिटेड और आईआईटी जम्मू के बीच समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया गया।
- माह सितंबर, 2022 के दौरान राजस्व संग्रह 757.32 करोड़ रुपए और सितंबर, 2022 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 4155 करोड़ रुपए है।
- सितंबर, 2022 के अंत तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 18303.4 मिलियन यूनिट रहा है।

## मुख्य विशेषताएं – अगस्त 2022

- सीएमडी, एनएचपीसी ने 18 अगस्त 2022 को काठमांडू, नेपाल में 750 मेगावाट वेस्ट सेती और 450 मेगावाट एसआर-6 जलविद्युत परियोजनाओं के विकास के लिए नेपाल निवेश बोर्ड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। नेपाल के सम्माननीय प्रधानमंत्री ने नेपाल में जलविद्युत परियोजनाओं के विकास के लिए एनएचपीसी की पहल की सराहना की।
- एनएचपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एनएचपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी) ने "राजस्थान राज्य में 10,000 मेगावाट अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क के विकास" के लिए दिनांक 24 अगस्त 2022 को राजस्थान सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।
- एनएचपीसी लिमिटेड ने 25 अगस्त, 2022 को निगम मुख्यालय, फरीदाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपनी 46वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित की। कंपनी के सदस्यों ने वर्ष 2021-22 के लिए 1.81 रुपए प्रति इक्विटी शेयर के लाभांश को मंजूरी दी, जिसमें मार्च, 2022 में भुगतान किए गए 1.31 रुपए प्रति इक्विटी शेयर का अंतरिम लाभांश शामिल है।
- सीएमडी, एनएचपीसी 26 अगस्त 2022 को हिमाचल के माननीय मुख्यमंत्री से शिमला में मिलें तथा एनएचपीसी लिमिटेड और हिमाचल प्रदेश सरकार के बीच 500 मेगावाट की डुगर जलविद्युत परियोजना के कार्यान्वयन समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर परियोजना में बांध के नॉन-ओवरफ्लो ब्लॉक एल4 की कंक्रीटिंग को ईएल 210 मीटर के शीर्ष स्तर तक सफलतापूर्वक पूरा किया गया।
- सावलकोट जल विद्युत परियोजना में रोड एक्सेस टनल की निर्माण पूर्व गतिविधियों का कार्य 17 अगस्त 2022 से पुन: शुरू कर दिया गया है।
- “आत्मनिर्भर भारत" कार्यक्रम के तहत पावर ट्रांसफॉर्मर के लिए एनएचपीसी और एनआईटी दुर्गापुर द्वारा संयुक्त रूप से फ्लैंज माउंटेड अल्ट्रा हाई फ्रीक्वेंसी (यूएचएफ) सेंसर का विकास।

- एनएचपीसी के कार्मिकों/ भूतपूर्व कार्मिकों/ संविदा कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए निगम मुख्यालय में 3 और 8 अगस्त 2022 को और एनएचपीसी आवासीय परिसर में 13 अगस्त 2022 को कोविड टीकाकरण शिविर आयोजित किए गए।
- निगम मुख्यालय में 25 और 26 अगस्त 2022 को 2 दिवसीय नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया ।
- एनएचपीसी निगम मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों, परियोजनाओं, पावर स्टेशनों, इकाइयों में 13 से 15 अगस्त 2002 तक 'हर घर तिरंगा अभियान' उत्साहपूर्वक मनाया गया जिसमें लगभग 75000 राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए गए और तिरंगा मार्च का आयोजन किया गया ।
- भारत का 76वां स्वतंत्रता दिवस हमारे सभी स्थानों पर पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।
- अगस्त 2022 के महीने के दौरान दिनांक 28.08.2022 तक, 856.30 करोड़ रुपये की बिलिंग की गई और 1078.26 करोड़ रूपए की वसूली हुई। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए संचयी प्राप्ति 3363.61 करोड़ रुपये है। दिनांक 28.08.2022 तक, 45 दिनों से अधिक के लिए कुल बकाया राशि 10.94 करोड़ रुपए है।
- एनएचपीसी ने 30 अगस्त 2022 को नेपाल में वेस्ट सेती और सेती नदी-6 परियोजनाओं की बिजली बिक्री व्यवस्था के लिए पीटीसी इंडिया लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- सीएमडी, एनएचपीसी ने 30 अगस्त 2022 को निगम मुख्यालय में जनरेशन मॉनिटरिंग एंड अर्ली वार्निंग सिस्टम (ईडब्ल्यूएस) कंट्रोल रूम, एकीकृत प्रौद्योगिकी केंद्र तथा क्वालिटी लैब का उद्घाटन किया।
- एनएचपीसी ने सीएसआर योजना के तहत, एनएचपीसी ने 30 अगस्त 2022 को संकल्प कैंसर केयर फाउंडेशन, नई दिल्ली को कैंसर स्क्रीनिंग मोबाइल वैन सौंपी।
- एनएचपीसी ने सीएसआर योजना के तहत, एनएचपीसी ने 30 अगस्त 2022 को संकल्प कैंसर केयर फाउंडेशन, नई दिल्ली को कैंसर स्क्रीनिंग मोबाइल वैन सौंपी।

## मुख्य विशेषताएं – जुलाई 2022

- 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर परियोजना पर कार्य सुचारू रूप से चल रहा है और एनएचपीसी वास्तव में इस ऐतिहासिक परियोजना को चालू करने की राह पर हैं। इसके अलावा, 1000 मेगावाट की पकल दुल जलविद्युत परियोजना और 120 मेगावाट की रंगित-IV जलविद्युत परियोजना में ईएंडएम गतिविधियां एवं 120 मेगावाट की रंगित-IV पर एचआरटी की ओवरट लाइनिंग भी जुलाई में शुरू हो गई हैं।
- जुलाई के दौरान एनएचपीसी के पावर स्टेशनों ने 3648 मिलियन यूनिट का उत्पादन किया, जो एनएचपीसी का अब तक का सबसे अधिक मासिक उत्पादन है। 3594 मिलियन यूनिट का पिछला मासिक रिकॉर्ड जुलाई 2021 में हासिल किया गया था। यह खुशी की बात है कि एनएचपीसी ने 30 जुलाई 2022 को 125.93 मिलियन यूनिट का अपना उच्चतम दैनिक उत्पादन भी हासिल किया, जो 11 जुलाई 2022 को हासिल किए गए 123.63 मिलियन यूनिट के रिकॉर्ड से बेहतर बनाता है। एनएचपीसी ने इस महीने में तीन बार दैनिक उत्पादन का रिकॉर्ड तोड़ा।

- एनएचपीसी ने 7 जुलाई 2022 को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री के राहत कोष में 2 करोड़ रूपए का योगदान किया। श्री ए.के. सिंह, सीएमडी, एनएचपीसी ने श्री प्रदान बरुआ, माननीय सांसद (लोकसभा), लखीमपुर लोकसभा क्षेत्र और श्री मानब डेका, माननीय विधान सभा सदस्य, लखीमपुर विधानसभा क्षेत्र की उपस्थिति में असम के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा को चेक भेंट किया। सीएमडी, एनएचपीसी ने इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री को 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर परियोजना के कार्यों की प्रगति से अवगत कराया। माननीय मुख्यमंत्री ने परियोजना को शीघ्र चालू करने के लिए राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। राज्य सरकार की भागीदारी से फ्लोटिंग सोलर, सोलर, पंप्ड स्टोरेज परियोजनाओं को हाइब्रिड मोड में स्थापित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।
- एनएचपीसी के इंजीनियरों ने केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी)की 360 मेगावाट की सबरीगिरी पावर की यूनिट #4 की सफलतापूर्वक मरम्मत और पुनर्स्थापना की है। यह इकाई पिछले 4 वर्षों से असामान्य कंपन और यूजीबी और टीजीबी बियरिंग्स के अचानक तापमान में वृद्धि के कारण खराब हो गई थी। कई प्रसिद्ध राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय बिजली उपकरण निर्माता इसे बहाल करने में विफल रहे थे और मौजूदा मशीन को हटाने और एक पूरी नई मशीन को संस्थापित करने का सुझाव दिया था। हालांकि, एनएचपीसी के इंजीनियरों ने 4 दिनों में यूनिट #4 को सफलतापूर्वक बहाल कर दिया और यूनिट वर्तमान में बिना किसी असामान्य कंपन और तापमान वृद्धि के चल रही है। केएसईबी की पूरी टीम ने एनएचपीसी की विशेषज्ञता की सराहना की।
- एनएचपीसी ने 20 जुलाई 2022 को दामोदर घाटी निगम के साथ "जलविद्युत और पंप भंडारण परियोजनाओं की खोज और स्थापना के लिए संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) के गठन का पता लगाने" के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।
- एनएचपीसी के निगम मुख्यालय में परियोजना प्रभावित परिवारों के प्रतिनिधियों सहित श्री ताशी ओंगडुप लेप्चा, उपाध्यक्ष, सिक्किम राज्य सहकारी संघ (एसआईसीयूएन)के साथ 6 जुलाई 2022 को एक बैठक आयोजित की गई। बातचीत के दौरान, श्री लेप्चा ने तीस्ता-IV जलविद्युत परियोजना को जल्द से जल्द शुरू करने का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र के परियोजना प्रभावित परिवार परियोजना के पक्ष में हैं और एनएचपीसी द्वारा परियोजना के कार्यान्वयन में स्थानीय लोगों के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।
- 28 जुलाई 2022 को सीएमडी, एनएचपीसी को फरीदाबाद के सबसे अच्छे और सबसे प्रतिष्ठित स्कूल में से एक, मॉडर्न डीपीएस, फरीदाबाद के अधिष्ठापन समारोह में भाग लेने का अवसर मिला। स्कूल के निदेशक प्राचार्य श्री यू.एस. वर्मा के साथ बातचीत के दौरान, सीएमडी, एनएचपीसी को यह जानकर बहुत खुशी हुई कि एनएचपीसी के कार्मिकों के बच्चे स्कूल में शीर्ष प्रदर्शन करने वालों में शामिल हैं।
- सीएमडी, एनएचपीसी अनंतनाग में उज्जवल भारत, उज्जवल भविष्य - पावर @ 2047 कार्यक्रम के ग्रैंड फिनाले में भाग लेने के लिए 29 से 30 जुलाई, 2022 तक केंद्र शासित प्रदेश जम्मू व कश्मीर के अल्प अवधि के दौरे पर थे।

विद्युत क्षेत्र की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए देश के सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने ग्रैंड फिनाले के दौरान सभा को संबोधित किया और देश के विकास के लिए आर्थिक रूप से व्यवहार्य और समृद्ध विद्युत क्षेत्र की आवश्यकता पर जोर दिया।

- केंद्र शासित प्रदेश, जम्मू-कश्मीर की यात्रा के दौरान, सीएमडी, एनएचपीसी ने 29 जुलाई 2022 को जम्मू व कश्मीर के माननीय उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा से मुलाकात की और उन्हें केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में चल रही परियोजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। माननीय उपराज्यपाल ने कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।
- भारत सरकार ने सावलकोट जलविद्युत परियोजना के निर्माण पूर्व गतिविधियों के लिए दिनांक 12 जुलाई 2022 को 973 करोड़ रुपए के निवेश की मंजूरी दे दी है।
- केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के जिला लेह और कारगिल में "पायलट ग्रीन हाइड्रोजन टेक्नोलॉजीज" के विकास के लिए समझौता ज्ञापनों पर 14 जुलाई 2022 को हस्ताक्षर किए गए। ये दो पायलट परियोजनाएं ग्रीन हाइड्रोजन के भावी विकास और तदुपरान्त परिवहन/हीटिंग क्षेत्र में कार्बन उत्सर्जन की कमी के लिए रोडमैप तैयार करेंगी।
- लैंको तीस्ता हाइड्रो पावर लिमिटेड (एलटीएचपीएल) और छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) के बीच 21 जुलाई, 2022 को रायपुर में बल्क पावर सप्लाई एग्रीमेंट (बीपीएसए) पर हस्ताक्षर किए गए। इस एग्रीमेंट के अनुसार, छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड 500 मेगावाट तीस्ता-VI जल विद्युत परियोजना से उत्पादित विद्युत का सीओडी से 40 वर्ष की अवधि के लिए करेगी।
- एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में 19 जुलाई, 2022 को एनएचपीसी भारत की सीएसआर पहल के अंतर्गत, बौद्धिक और विकास दिव्यांगता (पीडब्ल्यूआईडीडी) वाले व्यक्तियों को खेल प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एनएचपीसी और स्पेशल ओलंपिक भारत' (एनजीओ) के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। एमओयू के अनुसार, दिव्यांगजनों को विशेष ओलंपिक में समर्पित एवं प्रशिक्षित प्रशिक्षकों के माध्यम से 3 वर्षों तक नियमित खेल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।
- एनएचपीसी लिमिटेड की सीएसआर पहल के तहत, बिस्नोली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान द्वारा 15 जुलाई, 2022 को नूंह आकांक्षी जिला, हरियाणा के नूंह ब्लॉक के बाजेड़ा गांव में ग्रामीणों के स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा को बढ़ाने के लिए निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।
- एनएचपीसी ने 18 जुलाई, 2022 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय में ईएसआई अस्पताल, फरीदाबाद के सहयोग से (15 वर्ष और उससे अधिक के लिए) वयस्कों के लिए पहली/ दूसरी खुराक और बूस्टर खुराक देने के लिए निशुल्क कोविड टीकाकरण शिविर का आयोजन किया। जिसमें 190 एनएचपीसी कार्मिक/ पूर्व कार्मिक/ संविदा कर्मचारी और उनके परिवार के सदस्य लाभान्वित हुए।
- श्री हिमांग्शु साहा, महाप्रबंधक (विद्युत) के पुत्र श्री देबजीत साहा ने ट्यूनीशिया में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शॉटपुट प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता।

- श्री संजीव कुमार यादव, कार्यपालक निदेशक, एनएचपीसी को पुनात्सांगछु-I जल विद्युत परियोजना प्राधिकरण (पीएचपीए-I), भूटान का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है।
- आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत एनएचपीसी में "ई-सुश्रुत अस्पताल प्रबंधन प्रणाली" शुरू की गई है। यह प्रणाली ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर एकीकृत कम्प्यूटरीकृत रोग-विषयक सूचना तंत्र/ स्वास्थ्य और अस्पताल प्रबंधन और अन्य प्रक्रियाओं के लिए चिकित्सा अभिलेखों के संग्रहण जैसी सुविधाएं प्रदान करेगी।
- मुंबई में दिनांक 21 जुलाई 2022 को निवेशक बैठक आयोजित की गई, जिसमें एचडीएफसी, आईसीआईसीआई, एसबीआई आदि जैसे टॉप म्यूचुअल फंड हाउस सहित कई निवेशकों ने भाग लिया। उद्योग के दृष्टिकोण और कंपनी के लिए भावी संभावनाओं के बारे में चर्चा की गई।
- जुलाई, 2022 के दौरान 768 करोड़ रुपए राजस्व एकत्र किया गया। जुलाई 2022 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 2274 करोड़ रूपए रहा।
- जुलाई 2022 के अंत तक सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 11813 मिलियन यूनिट रहा।

## मुख्य विशेषताएं – जून 2022

- श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री ने 13 से 14 जून 2022 तक 2000 मेगावाट सुबानसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का दौरा किया। इस अवसर पर श्री चाउना मेंन, अरुणाचल प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री, डॉ. रनोज पेगू, माननीय शिक्षा मंत्री, मैदानी जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण, असम सरकार, श्री प्रदान बरुआ, माननीय संसद सदस्य (लोक सभा), श्री तारिन डाकपे और श्री कर्डो न्यीग्योर, अरुणाचल प्रदेश राज्य विधान सभा के माननीय सदस्य, श्री अलोक कुमार, सचिव (विद्युत), भारत सरकार एवं अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित थे। परियोजना को चालू करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए, सुबानसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की यूनिट #1 (बॉक्सिंग अप) का निर्माण कार्य 13 जून 2022 को पूरा किया गया। इस अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर को माननीय केंद्रीय विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री द्वारा देखा गया।
- नेपाल में 750 मेगावाट वेस्ट सेती स्टोरेज एचईपी और 450 मेगावाट सेती रिवर-6 एचईपी के विकास के संबंध में नेपाल सरकार की प्राप्त सहमति से एनएचपीसी के लिए वास्तव में बहुराष्ट्रीय उपस्थिति बनाने के एनएचपीसी के प्रयासों को एक बड़ा बढ़ावा मिला है।
- सीएमडी, एनएचपीसी को 8 जून 2022 को नई दिल्ली में माननीय केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामले एवं खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर से मिलने तथा भारत और नेपाल में जलविद्युत विकास के लिए एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में माननीय मंत्री को अवगत कराने का अवसर मिला। माननीय मंत्री ने 500 मेगावाट डुगर जलविद्युत परियोजना की गतिविधियों की स्थिति के बारे में गहरी रुचि ली और भारतीय जलविद्युत क्षेत्र में एनएचपीसी के योगदान की सराहना भी की।

- श्री मनोज सिन्हा, माननीय उपराज्यपाल, जम्मू व कश्मीर संघ शासित प्रदेश ने 18 जून 2022 को नई दिल्ली में सीएमडी, एनएचपीसी को बैठक का अवसर प्रदान किया। बैठक के दौरान, सीएमडी, एनएचपीसी ने माननीय उपराज्यपाल महोदय को जम्मू व कश्मीर में चल रही परियोजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। माननीय उपराज्यपाल महोदय ने एनएचपीसी को अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।
- सीएमडी, एनएचपीसी ने 21 से 23 जून 2022 तक गोवा का दौरा किया और गोवा में एनएचपीसी द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना के संबंध में गोवा के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत के साथ विस्तृत चर्चा की। सीएमडी, एनएचपीसी ने श्री आर. धवलीकर, माननीय मंत्री, विद्युत, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और आवास, श्री पी. के. गोयल, मुख्य सचिव, गोवा और श्री वाई. वी. बी. जे. राजाशेखर, सचिव (विद्युत) गोवा से भी मुलाकात की और ग्राउंड माउंटेड/रूफ टॉप सोलर, फ्लोटिंग सोलर, विंड आदि जैसे क्षेत्रों में संभावनाओं के बारे में सफल चर्चा की। डॉ. उदय सखाराम निर्गुडकर, स्वतंत्र निदेशक, एनएचपीसी ने इस बेहद सफल दौरे में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- सीएमडी, एनएचपीसी 23 जून 2022 को नई दिल्ली में श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, माननीय जल शक्ति मंत्री से भी मिले। माननीय मंत्री ने हाल के दिनों में एनएचपीसी द्वारा की गई प्रगति की सराहना की। बैठक के दौरान सीएमडी, एनएचपीसी ने बांधों के नवीनीकरण और पुनरुद्धार में एनएचपीसी की विशेषज्ञता पर जोर दिया। डीआरआईपी (बांध पुनरूद्धार और सुधार परियोजना) कार्यक्रम में एनएचपीसी की भागीदारी के लिए जल शक्ति मंत्रालय के साथ चर्चा चल रही है।
- सीएमडी, एनएचपीसी को 23 जून 2022 को श्री सुरेश प्रभु, पूर्व विद्युत मंत्री, भारत सरकार से मिले। श्री प्रभु ने एनएचपीसी द्वारा की गई प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की और एनएचपीसी के सभी प्रयासों के लिए अपने पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।
- 850 मेगावाट की रतले जलविद्युत परियोजना में 12 जून 2022 को डाइवर्जन टनल-I की डे-लाइटिंग सफलतापूर्वक हासिल की गई। 540 मेगावाट की क्वार परियोजना में डायवर्जन टनल का कार्य भी शुरू हो गया है और डीटी आउटलेट पोर्टल के लिए पहला विस्फोट 20 जून 2022 को किया गया।
- "ओनली वन अर्थ" के नारे के साथ 'विश्व पर्यावरण दिवस' एनएचपीसी के सभी स्थानों पर मनाया गया। 8 जून 2022 को आजादी का अमृत महोत्सव (अकाम मेगा शो) के तहत एक विशाल पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न स्थानों पर 2 हजार से अधिक पौधे लगाए गए।
- एनएचपीसी ने 21 जून 2022 को अपने सभी पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों में 8वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। एनएचपीसी के कार्मिकों और उनके परिवार के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रमों में भाग लिया।
- एनएचपीसी को 25 जून 2022 को इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट द्वारा 'इनोवेटिव ट्रेनिंग प्रैक्टिसेज: 2020-21' के लिए सर्टिफिकेट ऑफ एप्रिसिएशन और स्पेशल कमेंडेशन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

- 9 जून 2022 को सीपीएसयू योजना चरण- II के तहत 600 मेगावाट सौर परियोजना के विकास के लिए एनएचपीसी द्वारा मेसर्स अडानी इंफ्रा (इंडिया) लिमिटेड के साथ संविदा करार पर हस्ताक्षर किए गए।
- एनएचपीसी की उपलब्धियों और नई व्यावसायिक पहलों को 9 से 12 जून 2022 तक गुजरात के गांधीनगर में 'राष्ट्र निर्माण और सीपीएसई' पर प्रदर्शनी के दौरान प्रदर्शित किया गया।
- एनएचपीसी ने कनिष्ठ अभियंता (सिविल-68, इलेक्ट्रिकल-34 और मैकेनिकल-31) के पद के लिए 133 नियुक्ति पत्र भेजे हैं।
- एनएचपीसी की महिला कैरम टीम ने पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में शिमला में आयोजित इंटर-सीपीएसयू कैरम टूर्नामेंट 2022 में दूसरा स्थान हासिल किया।
- जून 2022 के महीने के दौरान 655.76 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रह किया गया। जून 2022 तक कुल संचयी राजस्व संग्रह 1504.68 करोड़ रुपये रहा, जो वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में हुआ अब तक का सबसे अधिक राजस्व संग्रह है।
- जून 2022 के अंत तक एनएचपीसी की सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 8165.3 मिलियन यूनिट रहा।
- एनएचपीसी के पावर स्टेशनों ने जून 2022 में अब तक का उच्चतम मासिक पीएएफ 100.09 % हासिल किया है।

## मुख्य विशेषताएं – मई 2022

- एनएचपीसी को लगातार तीसरे वर्ष वार्षिक रिकॉर्ड लाभ प्राप्त हुआ है। वित्त वर्ष 2021-22 में, एनएचपीसी द्वारा वित्त वर्ष 2020-21 में 3245 करोड़ रुपए की तुलना में 3538 करोड़ रुपए (एकल आधार पर) का अब तक का सबसे अधिक वार्षिक कर पश्चात लाभ (पीएटी) हासिल किया गया, जो 9% की प्रभावशाली उछाल है।
- निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 0.50 रुपए प्रति इक्विटी शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। यह पहले से घोषित 1.31 रुपए प्रति शेयर के अंतरिम लाभांश के अतिरिक्त है। वित्त वर्ष 2021-22 के लिए कुल लाभांश 1.81 रुपए प्रति शेयर है, जो एनएचपीसी द्वारा घोषित अब तक का सबसे अधिक वार्षिक लाभांश है।
- सीएमडी, एनएचपीसी ने उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी से दिनांक 20 मई 2022 को लखनऊ में मुलाकात की और माननीय मुख्यमंत्री जी को उत्तर प्रदेश में एनएचपीसी और उसकी सहायक कंपनियों द्वारा शुरू की जा रही सौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थिति के बारे में अवगत कराया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए सरकार का पूर्ण समर्थन देने का आश्वासन दिया। लखनऊ दौरे के दौरान, उन्होने श्री एम. देवराज (आईएएस), प्रधान सचिव, ऊर्जा के अतिरिक्त स्रोत, उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव से भी मुलाकात की और उत्तर प्रदेश में लघु जलविद्युत परियोजनाओं को शुरू करने की संभावनाओं पर चर्चा की।
- सीएमडी, एनएचपीसी को 12 मई 2022 को नई दिल्ली में श्री बालशोरी वल्लभनेनी, माननीय सांसद (लोकसभा) और अधीनस्थ विधान समिति के अध्यक्ष से मिलने का अवसर मिला। बैठक के दौरान, आंध्र प्रदेश में पंप स्टोरेज परियोजनाओं के लिए समझौता ज्ञापन और अन्य संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई।

- विद्युत मंत्रालय के लिए संसद सदस्यों की परामर्शी समिति द्वारा "हमारी जल विद्युत क्षमता को बढ़ाने की आवश्यकता" विषय पर दिनांक 26 मई 2022 को टिहरी, उत्तराखंड में बैठक आयोजित की गई। सीएमडी, एनएचपीसी ने एनएचपीसी की हमारी ऊर्जा प्रणाली में जल विद्युत की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में माननीय समिति के सदस्यों को अवगत कराया। माननीय सदस्यों ने देश में जल विद्युत क्षेत्र के विकास में एनएचपीसी की भूमिका की सराहना की।
- श्री प्रवीण कुमार निषाद, संत कबीर नगर (उत्तर प्रदेश) से माननीय सांसद ने 17 मई 2022 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय का दौरा किया। माननीय संसद सदस्य को एनएचपीसी की उपलब्धियों और राष्ट्र के ऊर्जा अवसंरचना में संगठन द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में अवगत कराया गया।
- सीएमडी, एनएचपीसी ने नवीकरणीय ऊर्जा विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए 11 मई 2022 को जयपुर में राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री कुलदीप रांका, आईएएस के साथ चर्चा की। दौरे के दौरान, राज्य में भावी परियोजनाओं के विद्युत क्रय करार (पीपीए) के लिए श्री भास्कर आत्माराम, प्रधान सचिव (ऊर्जा), राजस्थान सरकार और श्री बी.एन. शर्मा, अध्यक्ष, राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग (आरईआरसी) के साथ भी विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने एनएचपीसी को अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया है ।
- सीएमडी, एनएचपीसी ने 27वीं कांग्रेस और बड़े बांधों पर अंतर्राष्ट्रीय आयोग (आईसीओएलडी) की 90वीं वार्षिक बैठक में एनएचपीसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए मार्सिले, फ्रांस का दौरा किया।
- श्री वाई. के. चौबे, निदेशक (तकनीकी) के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने दिनांक 26 मई 2022 को नेपाल के माननीय प्रधानमंत्री श्री शेर बहादुर देउबा से मुलाकात की । प्रतिनिधिमंडल ने माननीय प्रधानमंत्री को नेपाल में एनएचपीसी की पहल के संबंध में अवगत कराया। माननीय प्रधानमंत्री ने एनएचपीसी के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी।
- 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर परियोजना में एक प्रमुख उपलब्धि के रूप में, यूनिट# 1 की टर्बाइन स्थापना कार्य पूरा हो चुका है और अन्य मोर्चों पर भी कार्य अच्छी तरह से प्रगतिशील है। 624 मेगावाट की कीरू जल विद्युत परियोजना के बांध में कंक्रीटिंग कार्य भी शुरू हो गया है। इसी दौरान, 540 मेगावाट की क्वार जल विद्युत परियोजना के सिविल कार्यों के लिए संविदा पैकेज भी प्रदान किया गया है, जिससे परियोजना के क्रियान्वयन में गति मिली है।
- विभिन्न विधाओं के 120 कार्मिकों को ई1 से ई2 ग्रेड में पदोन्नत किया गया है।
- माननीय केंद्रीय विद्युत मंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 12 मई 2022 को नई दिल्ली में आयोजित हिन्दी सलाहकार समिति की बैठक के दौरान एनएचपीसी लिमिटेड को वर्ष 2020-21 के लिए प्रथम पुरस्कार तथा वर्ष 2018-19 के लिए द्वितीय पुरस्कार प्रदान किए गए। ये पुरस्कार राजभाषा के उत्कृष्ट कार्यान्वयन के लिए श्री आर. के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत तथा नवीन एवं नवीकरणीय विद्युत मंत्री के कर कमलों से प्रदान किए गए। बैठक के दौरान, माननीय केंद्रीय विद्युत मंत्री ने एनएचपीसी की राजभाषा पत्रिका 'राजभाषा ज्योति' के नवीनतम अंक और डॉ. राजबीर सिंह, समूह महाप्रबंधक (राजभाषा), एनएचपीसी द्वारा लिखित पुस्तक 'भारतीय संस्कृति में प्रबंधन' का भी विमोचन किया।

- श्री बंडारू दत्तात्रेय, हरियाणा के माननीय राज्यपाल ने दिनांक 14 मई 2022 को नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड, फरीदाबाद को सीएसआर सहायता के लिए एनएचपीसी को प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान किया ।
- एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद में दिनांक 24 मई 2022 को सीपीएसयू योजना चरण- II के अंतर्गत 300 मेगावाट सौर परियोजना को विकसित करने के लिए ईपीसी संविदा हेतु मैसर्स टाटा पावर सोलर सिस्टमस लिमिटेड के साथ एक संविदा करार पर हस्ताक्षर किए गए।
- श्री आलोक कुमार, सचिव (विद्युत), भारत सरकार ने 22 मई 2022 को एनएचपीसी द्वारा आयोजित टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट, पावर कप 2022 का उद्घाटन किया। इस टूर्नामेंट का आयोजन विद्युत मंत्रालय/ एमएनआरई मंत्रालय के नियंत्रणाधीन विभिन्न विद्युत क्षेत्र की सीपीएसयू टीमों के बीच 22 मई से 12 जून, 2022 तक किया जा रहा है।
- एनएचपीसी ने अपने सभी पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और कार्यालयों में 15 मई से 31 मई, 2022 तक स्वच्छता पखवाड़ा-2022 मनाया। स्वच्छता पखवाड़ा-2022 के दौरान स्वच्छता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। 24 मई 2022 को एनएचपीसी आवासीय परिसर, सूरजकुंड, फरीदाबाद में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें कई स्वदेशी पौधे लगाए गए।
- एनएचपीसी के निगम मुख्यालय में 25 मई 2022 को 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- मई 2022 के दौरान कुल राजस्व संग्रह 538.75 करोड़ रुपए रहा है।
- मई 2022 के अंत तक सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 2828.9 मिलियन यूनिट रहा है। यह पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में लगभग 950 मिलियन यूनिट अधिक है।

## मुख्य विशेषताएं – अप्रैल 2022

- भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 24 अप्रैल 2022 को केंद्र शासित प्रदेश जम्मू व कश्मीर में 850 मेगावाट की रतले जलविद्युत परियोजना और 540 मेगावाट की क्वार जलविद्युत परियोजना की आधारशिला रखी। इस अवसर के दौरान, सीएमडी, एनएचपीसी को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के साथ बातचीत करने और परियोजनाओं को पूरा करने के लिए समय सीमा के बारे में उनके प्रश्नों का उत्तर दिया।
- माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने 540 मेगावाट की क्वार जलविद्युत परियोजना को मंजूरी प्रदान कर दी है। यह परियोजना एनएचपीसी की सहायक कंपनी चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (सीवीपीपीएल) द्वारा कार्यान्वित की जाएगी।
- 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर परियोजना के लिए एक ऐतिहासिक क्षण में, देश की सबसे बड़ी क्षमता वाले हाइड्रोजेनरेटर (306 एमवीए) के रोटर को 14.04.2022 को सफलतापूर्वक उतारा गया। 11.45 मीटर के व्यास और लगभग 674 टन के लिफ्टिंग असेंबली भार के साथ, यह रोटर किसी भी भारतीय जलविद्युत परियोजना में अब तक

का सबसे बड़ा उठाया गया उपकरण है। श्री आर. एम. राजेंद्रन, संयुक्त सचिव (हाइड्रो), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के साथ सीएमडी, एनएचपीसी ने इस ऐतिहासिक क्षण को देखा।

- सीएमडी, एनएचपीसी को दिनांक 14 से 17 अप्रैल, 2022 तक सुबनसिरी और दिबांग परियोजनाओं के दौरे के दौरान श्री तापिर गाओ, माननीय सांसद, पूर्वी संसदीय क्षेत्र, अरुणाचल प्रदेश और श्री एलो लिबांग, माननीय मंत्री, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, अधिकारिता और जनजातीय मामले, अरुणाचल प्रदेश से पासीघाट (अरुणाचल प्रदेश) में मिलने का अवसर मिला। चर्चा सियांग बेसिन में जलविद्युत के विकास पर केंद्रित थी। सीएमडी, एनएचपीसी ने 2700 मेगावाट की सियांग लोअर जलविद्युत परियोजना, जिसे एनएचपीसी को आवंटन के लिए विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा चिह्नित किया गया है, के बांध, पावर हाउस और कॉलोनी साइट का भी दौरा किया। 2880 मेगावाट की दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के अपने दौरे के दौरान, परियोजना की भावी योजना के संबंध में सीएमडी, एनएचपीसी की सार्थक चर्चा हुई।
- सीएमडी, एनएचपीसी ने श्री प्रेम सिंह तमांग, माननीय मुख्यमंत्री, सिक्किम से तीस्ता क्षेत्र (सिक्किम) के दौरे के दौरान 2 अप्रैल 2022 को गंगटोक में मुलाक़ात की और राज्य में एनएचपीसी की पहल के लिए उनका सहयोग प्राप्त करने के लिए अनुरोध किया। इस बैठक के पश्चात, माननीय मुख्यमंत्री ने एनएचपीसी को नई दिल्ली में अपने समक्ष 08 अप्रैल 2022 को उपस्थित होने का अवसर दिया। बैठक के दौरान, 500 मेगावाट की तीस्ता-VI परियोजना में किए जा रहे कार्यों की प्रगति और 520 मेगावाट की तीस्ता-IV परियोजना के लिए मंजूरी से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की गई। माननीय मुख्यमंत्री ने एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और एनएचपीसी को निरंतर सहयोग देने का आश्वासन दिया।
- सीएमडी, एनएचपीसी ने श्री अमित कंसल, स्वतंत्र निदेशक, एनएचपीसी के साथ माननीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत से दिनांक 27अप्रैल.2022 को नई दिल्ली में मुलाकात की। भारत में पुराने बांधों के नवीनीकरण और पुनरूद्धार के लिए एनएचपीसी द्वारा परामर्शी सेवाएं देने के संबंध में माननीय मंत्री के साथ विचार-विमर्श किया गया।
- संगठन के विकास के लिए नए विचारों की आवश्यकता और नए युग के अवसरों के लिए बेहतर समाधान खोजने की चुनौती को ध्यान में रखते हुए एनएचपीसी के कार्यकारी निदेशकों का एक सम्मेलन 29 से 30 अप्रैल तक आयोजित किया गया।
- सीएमडी, एनएचपीसी 'जल एवं ऊर्जा सुरक्षा के लिए जलविद्युत और बांध का विकास - जलवायु परिवर्तन के तहत' अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के सहभागी थे। अपने संबोधन के दौरान, सीएमडी, एनएचपीसी ने देश में जलविद्युत विकास में आने वाली प्रमुख चुनौतियों पर प्रकाश डाला। इस सम्मेलन का आयोजन टीएचडीसी, सीबीआईपी और आईएनसीओएलडी (बड़े बांधों पर भारतीय समिति) द्वारा 7 से 9 अप्रैल 2022 तक ऋषिकेश में किया गया।

- भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की 131वीं जयंती एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों में मनाई गई। डॉ. आंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में निगम मुख्यालय में आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत 18 अप्रैल 2022 को एक विशेष कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था। श्री मुकुल कानिटकर, अखिल भारतीय संगठन मंत्री, भारतीय शिक्षण मंडल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।
- नेपाल योजना आयोग के माननीय उपाध्यक्ष श्री बिसवो नाथ पौडेल ने 28 अप्रैल 2022 को एनएचपीसी के निगम मुख्यालय का दौरा किया। एनएचपीसी की हाल की पहलों और नेपाल में एनएचपीसी के लिए भावी नए व्यापार अवसरों के संबंध में सार्थक चर्चा हुई।
- एनएचपीसी को नई दिल्ली में ईक्यू पीवी इन्वेस्ट टेक इंडिया कॉन्फ्रेंस एंड अवाड्र्स के दौरान ईक्यू इंटरनेशनल द्वारा 13 अप्रैल 2022 को गोल्ड श्रेणी में "पीएसयू डेवलपर ऑफ द ईयर" पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- अप्रैल, 2022 के दौरान कुल राजस्व संग्रह 295.90 करोड़ रुपए रहा।
- अप्रैल 2022 माह के अंत तक, एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 2369.4 मिलियन यूनिट रहा है।